बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

594
10/08/2020

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रकाशित RFP के आलोक में प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी M/s Pentware Computer को BSDC भितहां, पश्चिम चम्पारण में कुशल युवा केन्द्र संचालित किये जाने हेतु आवंटित किया गया। संस्था द्वारा माह अप्रैल,2019 के उपरान्त केन्द्र पर नामांकन लिया जाना बंद कर दिया गया है।

बिहार कौशल विकास मिशन के बिना पूर्वानुमति के इस प्रकार केन्द्र पर नामांकन को बंद किया जाना बिहार कौशल विकास मिशन के नियमानुकूल नहीं है। अतएव संस्था से संबंधित मामले में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–441 दिनांक–18.05.2020 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था द्वारा अपना जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया। संस्था द्वारा अपने प्रत्युत्तर में केन्द्र को संचालित किये जाने के संबंध में अनिक्षा जाहिर की गयी है।

संस्था के द्वारा मनमाने तरीके से केन्द्र पर नामांकन नहीं लिया जाना बिहार कौशल विकास मिशन के नियमानुकूल नहीं है। अतएव M/s Pentware Computer को आवंटित BSDC भितहां, पश्चिम चम्पारण का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द करते हुए संस्था के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में उक्त केन्द्र से संबंधित जमा की गयी सुरक्षित जमा राशि को जब्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

10/8

(चन्द्रशेखर सिंह,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–26 / 2018 594 पटना,दिनांक– 10/08/2020

प्रतिलिपि– (1) M/s Pentware Computer. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी / जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा) / मिशन प्रबंधक(समन्वय) / सहायक निदेशक, नियोजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

10/8/20

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।